खबर संक्षेप

## राम मंदिर से निकली गई भव्य अक्षत कलश यात्रा



**भुआबिछिया।** राममंदिर से अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद एवं सनातनी समाज द्वारा निकाली गई। भव्य कलश यात्रा राम मंदिर भुआ से खेरमाई मंदिर भुआ, होते हुए दानीटोला तिराहा, मुख्य मार्ग से होकर बिछिया खेरमई मंदिर और सांई मंदिर घुटास तिराहा से होते हुए गांधी गेट मुख्य तिराहा से राम मंदिर में जाकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में अक्षत कलश लिए हुए धर्मावलंबियों और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता के साथ नगरवासीयो ने कलश सिर पर रखकर नगर में भ्रमण करने का सौभाग्य हासिल किया। इस पुनीत कार्य को करने के लिए राम मंदिर समिति एवं विश्व हिंदू परिषद सनातनी समाज के द्वारा लगातार लंबे समय से प्रयास किये जा रहे हैं। नगर में कलश यात्रा का भ्रमण कराया गया है इसके बाद 22 जनवरी तक पूरे गांव-गांव के मंदिरों में कलश यात्रा का भ्रमण कराया जाएगा।

### ग्राम केहरपुर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने सभी की सहभागिता आवश्यक - संपतिया उईके





## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिलाई गई शपथ

**मंडला -** मंडला जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ मंडला विकासखंड के ग्राम केहरपुर से किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़े और उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्र के हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें संबोधित किया। केहरपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक संपतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा एवं संदीप सिंह, जनपद सदस्य संदीप सिंगौर, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे तथा अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक संपतिया उईके ने अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम केन्द्र सरकार से सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित है। भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना आवश्यक है। आमजन शासन की योजनाओं को समझें तथा पात्रतानुसार लाभ उठाएं। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग के लोग आगे बढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान तेजी से विकास कर रहा है और वह आने वाले समय में निश्चित रूप से समूचे विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे पात्रतानुसार शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर विकास की मुख्य धारा से जुड़ें, सरकार और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ है। इससे पूर्व मवई से आए बैगा नर्तक दल तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में प्रश्नमंच तथा खेल की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा शासन के विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया।

### योजनाओं का लाभ दिलाने गांव-गांव पहुंचेगी वेन

कार्यक्रम के अंत में विधायक संपतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा एवं संदीप सिंह तथा अन्य अतिथियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की योजनाओं से सुसज्जित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें पात्रतानुसार लाभ दिलाने की पहल करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।

# ब्लाक कॉलोनी मुख्य मार्ग में फिर हुआ हादसा



### हाथों में बांधी काली पट्टी, निकाली मौन रैली:

स्कूल के संचालक एवं छात्र-छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने ज्ञान ज्योति स्कूल से मौन रैली निकाल कर बच्चों के पक्ष में और प्रशासन के विरोध में हाथों में काली पट्टी बांध कर मौन मार्च निकालकर नैनपुर पुलिस थाने के सामने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और शहीद स्मारक पर कैंडल जलाकर बच्चों को श्रृद्धांजलि दी गई। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि विगत दिनों में इस मार्ग में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है। जिसे रोकने के लिए कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है। स्कूल प्रबंधन ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी अन्य अप्रिय एवं दुखद घटना को रोकने के लिए स्कूल की समय सीमा पर भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध लगाया जाए। छात्रों और नगरवासियों के हित में सुबह 09.30 बजे से 11 बजे तक और शाम 3.30 बजे से 05 बजे तक नैनपुर नगर की सीमा ग्राम निवारी से थावर पुल तक भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित करने की मांग की गई है।



### ट्राला की टक्कर से स्कूली छात्र की मौत, खूनी मार्ग बन गया मुख्य मार्ग

**नैनपुर।** मंडला सिवनी मुख्य मार्ग ब्लाक कालोनी से निवारी चौराहे तक का मार्ग खूनी मार्ग बनता जा रहा है। लगातार होने वाली दुर्घटनाओं में असमय मौत के सिलसिले के बावजूद यहां रफ्तार और बेलगाम यातायात पर लगाम नही लग पा रही है। शुक्रवार को फिर एक सड़क हादसे में नगर की एक निजी शिक्षण संस्थान का छात्र असमय मौत का शिकार हो गया। बताया गया कि शाम करीब 4.30 बजे निवारी ग्राम निवासी छात्र देवेंद्र भारदोले पिता गुलाब स्कूल से छुट्टी होने के बाद अपने घर लौट रहा था। इसी बीच ब्लाक कालोनी के आगे ट्राला वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे छात्र बुरी तरह घायल हो गया। जिसे तत्काल नैनपुर चिकित्सालय में उपचारार्थ भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान कुछ ही देर बाद उक्त छात्र ने दम तोड़ दिया।

बता दे कि इस दुखद हादसे में एक बार फिर एक निर्दोष छात्र की जान चली गई। किसी परिवार का एक चिराग असमय बुझ गया। मगर लचर और अराजक यातायात व्यवस्था में सुधार या नियंत्रण लगातार घटित हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद भी नही हो पा रहा है। जाहिर है कि निवारी चौराहे से मुख्य मार्ग में भारी और छोटे बड़े वाहनों के दबाब के चलते ब्लाक कालोनी तक के मार्ग का यातायात अराजक हो गया है। जरा सी चूक से यहां दुर्घटनाएं अपना मुंह खोले खड़ी रहती है। इसके साथ ही सपाट सड़क पर रफ्तार और अनियंत्रण भी दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।

### सख्ती बरतने की आवश्यकता :

बताया गया कि सड़क के दोनों किनारों पर अतिक्रमण भी इन हादसों का कारण माना जा रहा है। इस मार्ग पर अलग अलग जगहों पर स्पीड ब्रेकर के साथ रफ्तार को नियंत्रित करने की फौरी व्यवस्था बनाई जानी आवश्यक है। इसके अलावा स्कूल समय मे भारी वाहनो के प्रवेश पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की जरूरत भी है। जिससे समय रहते इस तरह की अनहोनी और हादसों को रोका जा सके।

### इनका कहना है

मैं साल में दो बार पुलिस कप्तान और कलेक्टर को नैनपुर के अराजक यातायात के सुधार हेतु लिखित में आवेदन देता हूं, लेकिन नतीजा आज तक नहीं निकलकर आया और असमय बच्चे मौत के मुंह में जा रहे हैं।

**सत्यनारायण खंडेलवाल**



# संचालित दुकानों को किया जा रहा चिन्हित 31 तक चलेगा जागरूक करने अभियान

**मंडला।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मांस, मछली के खुले में एवं गैर अनुमति विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं। इसके बाद स्थानीय निकाय भी सक्रिय हो गया है। इस आदेश के बाद मंडला नगरपालिका ने मुनादी कराने के साथ क्षेत्र में संचालित ऐसी दुकानों का सर्वे शुरू कर दिया है। शासन द्वारा खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध के आदेश मिलते ही नगरपालिका सक्रिय होकर जिला मुख्यालय हर वार्डो में मुनादी करा दी गई है। बता दे कि धार्मिक नगरी मंडला में जगह-जगह खुले में मांस विक्रय किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षो में मांस, मछली विक्रय करने वालों की संख्या तेजी से भी बढ़ गई है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शपथ लेने के बाद पहली बैठक में खुले स्थानों पर मांस और मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब खाद्य विभाग, पुलिस और स्थानीय शहरी निकायों द्वारा 15 से 31 दिसंबर तक जागरूक करने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। जानकारी अनुसार शासन द्वारा खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध से संबंधित निर्देश 13 अक्टूबर को ही दे दिए गए थे और इस संबंध में प्रशासन को निर्देश भी मिल गए, लेकिन मंडला में इन निर्देशों का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। अभी भी खुले में जगह-जगह मांस, मछली की दुकानें लगाई जा रही हैं। बता दे कि मंडला को धार्मिक नगरी घोषित किया गया है, ऐसे में यहां शराब, मांस, मछली का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। नर्मदा तट में शराब विक्रय पर शासन द्वारा विगत कई साल पहले ही प्रतिबंध लगाया गया था, शराब की स्थायी दुकानों को बंद भी कर दिया गया था, लेकिन स्थायी दुकानों के बंद होने के बाद बड़ी संख्या में अस्थायी शराब दुकानें खुल गई हैं। पान के टपरों से लेकर ढाबों, हॉटलों में खुले आम शराब परोसी जा रही है। बताया गया कि अवैध शराब विक्रय जैसा हाल मांस, मछली विक्रय का भी है। शहर समेत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह और हॉट बाजारों में खुले में मांस, मछली का विक्रय किया जाता है। खुले में मांस, मछली विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में शासन से निर्देश मिलने के बाद मंडला में भी प्रशासन कार्रवाई में जुट गया है। नगरपालिका सीएमओ गजानन नाफड़े ने बताया कि खुले में मांस दुकानों के संबंध में सर्वे शुरू कराया गया है। जिसमें देखा जा रहा है कि किस दुकानदार के पास लाइसेंस है या नहीं, गुमास्ता आदि अनुमति की जानकारी जुटाई जा रही है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ श्री नाफड़े ने बताया कि सर्वे के साथ ही नगरपालिका द्वारा मुनादी भी नगरपालिका क्षेत्र के सभी वार्डो में मुनादी करा दी गई है। जिसमें बगैर अनुमति खुले में मांस विक्रय नहीं करने के लिए कहां जा रहा है।

**यहां हो रही खुले में मांस बिक्री :**

नगर से लेकर उपनगर महाराजपुर में जगह-जगह खुले में मांस बिक्री हो रही है। नर्मदा तट जो नर्मदा का परिक्रमा पथ भी है यहां कई स्थानों में मांस व मछली मार्केंट संचालित हो रहा है। महाराजपुर के दादा धनीराम आश्रम से कुछ दूरी पर कारीकोन तिराहा के आसपास सड़क किनारे मांस की दर्जनों की संख्या में खुली दुकान संचालित हो रही है, जो नर्मदा परिक्रमावासी इन मार्गों से होकर आगे बढ़ते हैं उन्हें सड़क किनारे लगी इन मांस, मछली दुकानों और यहां से उठती दुर्गंध के कारण काफी परेशान होना पड़ता है। बस स्टेण्ड परिसर में सार्वजनिक स्थान में मांसाहार खाना की भी बिक्री की जा रही है।



# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान राममय होगा मंडला

### तैयारियों में जुटे राम भक्त, गांव-गांव पहुंच रही अक्षत कलश

**मंडला।** श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंडला जिले का वातावरण राममय करने के लिए रामभक्त अभी से ही जुट गए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान देश भर में कार्यक्रम आयोजित किये जाने का आव्हान किया गया है। इसके लिए अक्षत कलश पहुंचाए गए हैं। मंडला पहुंचे अक्षत कलश को विगत दिवस सराफा बाजार स्थित श्रीराम मंदिर में रखा गया है। यहां से इन कलशों को जिले के विभिन्न स्थानों तक पहुंचाया जाना प्रारंभ हुआ। जिले भर से उपस्थित रामभक्तों द्वारा विधिवत पूजन कर श्रद्धापूर्वक कलशों को अपने अपने क्षेत्र में ले जाया जा रहा है। ये कलश जहां भी पहुंचे वहां स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया जा रहा है।



बताया गया कि अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि परिसर में निर्माणाधीन मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर के लोकार्पण अवसर पर भव्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में सभी की सहभागिता के उद्देश्य से ट्रस्ट ने एक विश्वव्यापी अभियान प्रारम्भ किया है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक नगर, गांव तक अक्षत कलश के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अपने क्षेत्र के मंदिरों में एकत्र होकर सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम करने का आव्हान किया जा रहा है।

**राममय होगा वातावरण :**

जिले में चल रहे इस अभियान के संयोजक प्रकाश सोनवानी ने बताया कि 22 जनवरी को होने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान लोगों से उनके नगर, गांव में स्थित मंदिरों में कार्यक्रम करने के लिए जिले भर में एक अभियान चलाया जायेगा। जिसके माध्यम से रामभक्त प्रत्येक नगर, गांव तक पहुंच कर घर-घर अक्षत देंगे। अक्षत के साथ ही आव्हान किया जायेगा कि पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 तदनुसार 22 जनवरी के शुभ दिन प्रभु राम के बाल रूप नूतन विग्रह को नवीन मंदिर के भूतल के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पर दिन में 11 बजे से एक बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्ले व कालोनी के किसी मंदिर में रामभक्तों को एकत्र कर भजन-कीर्तन करें।

# मंडला जेल से नैनपुर कोर्ट पेशी में गए दो आरोपी फरार

**मंडला।** नैनपुर न्यायालय परिसर से पाक्सो एक्ट के मामले में दो आरोपी न्यायालय परिसर से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। एक के हाथ में हथकड़ी भी लगी हुई है। हथकड़ी सहित आरोपी के भागने के बाद भी पुलिस को रात तक आरोपियों को पकड़ने में सफलता नहीं मिली। इस मामले में जहां पुलिस अधीक्षक ने चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। वहीं आरोपियों की तलाश के लिए पांच दल गठित किए गए हैं। जानकारी अनुसार धारा 376, पाक्सो एक्ट के अपराध में संलिप्त दो आरोपी बालकिशन तेकाम निवासी बीजेगांव एवं नंद किशोर सैयाम निवासी पिंडरई को मंडला जेल से पुलिस वेन में नैनपुर अपर जिला सत्र न्यायालय 4 पुलिस कर्मियों के साथ लाया गया था। पेशी के बाद बाहर निकलते ही आरोपियों ने निस्तार के लिए जाने की बात पुलिस कर्मियों से कही और मौका पाते ही फरार हो गए। जब तक पुलिस जवानों को कुछ समझ आ पाता वे उनकी पहुंच से काफी दूर जा चुके थे। दो आरोपियों बालकिशन तेकाम और एवं नंद किशोर सैयाम को मंडला जेल से निर्धारित पेशी में नैनपुर अपर जिला सत्र श्रंखला न्यायालय लाया गया था। आरोपियों पर 15 मई 2023 को घटित अपराध की धारा 363, 366 भादंवि, 366, 366 ए, 376 ल, 376 ( 2) एन 376 (3) भादवि 5 एल 6 पास्को एक्ट के तहत मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस अभिरक्षा से फरार एक आरोपी नैनपुर थाना की पिंडरई चौकी एवं एक घंसौर जिला सिवनी के अंतर्गत बताया गया है। फरार आरोपियों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। यह पहला मामला है जब न्यायालय परिसर से पुलिस को चकमा देकर कोई आरोपी फरार हुआ हो। पुलिस अधीक्षक ने चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

**खबर संक्षेप**

### स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया कोविड की रोकथा का लेकर मॉक ड्रिल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन के आदेश अनुसार बीते हुये कोविड महामारी की रोकथाम को लेकर नगर के सिविल अस्पताल गाडरवारा में वैश्विक महामारी कोविड- 19 की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए समस्त सुविधाओं की तैयारी महत्वपूर्ण है। जिला चिकित्सालय से लेकर समस्त ब्लॉकों में कोविड-19 की रोकथाम के लिए 14 दिसंबर को मॉकड्रिल किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। मानव संसाधन क्षमता जिसमें कोविड- 19 प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभाल कर्ता, गंभीर मामलों के प्रबंधन के लिए वेंटिलेटर प्रबंधन, प्रोटोकॉल में प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभालकर्ता, पीएसए संयंत्रों के संचालन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता की तैयारी देखी गई। रेफरल सेवाएं एडवांस बेसिक लाइफसपोर्ट की उपलब्धता एवं अन्य एंबुलेंस की उपलब्धता को सुचारू किया गया। परीक्षण क्षमता कोविड- 19 प्रयोगशाला की संख्या आरटी-पीसीआर और आरएटी किट की उपलब्धता देखी गई। वही दूसरी ओर ऑक्सीजन कन्सेट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, पीएसए प्लांट, मेडिकल ऑक्सीजन स्टोरेज, मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम को पुनः जांचा गया। कोविड-19 से बचाव के लिए आमजनों को जरूरी बाते बताने के साथ सावधानी बर्तने पर बल दिया गया।

### बीआरसी ने किया शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** शुक्रवार को साईंखेड़ा बीआरसी गिरीश पटेल ने समीपी ग्राम बगदरा की शासकीय प्राथमिक शाला एवं ग्राम चामचौन की शासकीय माध्यमिक शाला का अचानक पहुंचकर निरीक्षण करते शिक्षकों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होने छात्र छात्राओं से संवाद कर उनके शेक्षणिक स्तर की जानकारी भी ली गई। इसी प्रकारस ग्राम बगदरा में उन्हें कक्षा तीसरी, चौथी एवं कक्षा पाँचवी के बच्चों ने पहाड़ा सुनाया जिसे सुनकर उंन्होने अन्य बच्चों से तालियां बजवाकर पहाड़ा सुनाने वाले बच्चों का प्रोत्साहन कराया । इसी तरह उन्होंने कक्षा 5 एवं 8 के मासिक टेस्ट में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश देते हुये उन्होंने इस दौरान कहा कि कक्षा 4 से कक्षा 8 वी की अर्धवार्षिक परीक्षाएं नजदीक है। छात्र छात्राओं को इन परीक्षाओ की बेहतर ढंग से तैयारी कराई जावे जिससे बार्षिक परीक्षा परिणाम में सपफलता मिल सके। वही एफएलएन की भी पढ़ाई भी सुव्यवस्थित ढंग से हो । निरीक्षण के समय सांगई के शिक्षक मधुसूदन पटैल सहित बगदरा में प्रधान पाठक राकेश अग्रवाल, प्रकाश नामदेव, बलदेव खंगार, अंजुलता नेमा एवं चामचौन में उमा ठाकुर व नारायण पटैल मौजूद थें।

### ट्रैक्टरों के दीवाने किसानों को शासन की बैलगाड़ी योजना हुई बेअसर साबित

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से कुछ वर्ष पहले म.प्र. शासन ने बैलगाड़ी योजना की शुरूआत की थी जिसके तहत लघु सीमांत कृषकों को पाँच हजार रूपये सागौन या बबूल की बैलगाड़ी खरीदने के लिए देने की व्यवस्था की गई थी...? लेकिन बताया जाता है कि क्षेत्र के गांवों के किसानों को बैलगाड़ी योजना प्रभावित नहीं कर सकी और किसान बैलगाड़ियाँ खरीदने में अधिक रूचि का प्रदर्शन नहीं कर सका था, हालाकि जानकार सूत्रों के मुताबिक उक्त योजना का पर्याप्त प्रचार प्रसार नहीं किया गया था फिर भी किसानों को जानकारी थी कि उन्हें शासन बैलगाड़ियाँ खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है जिसके चलते भी शायद किसान इसका लाभ लेने से बंचित रहे होगे? मगर इस संबंध में किसानों से जब बात की जाती है तो उनका कहना है कि यह योजना वास्तव में आदिवासी बहुल इलाकों के लिए ज्यादा लाभकारी है क्योंकि बड़े किसान ट्रैक्टरों के जरिए ही खेती करने में विश्वास रखते हैं, मगर क्षेत्र के अधिकांश गांवों में ट्रैक्टरों की भरमार के कारण न बैल बचे हैं और न ही हल शेष रह गए हैं।

# शहर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था

## सड़को पर हुडदंग लीला मचाने वालों की मनमानी के चलते आम लोगों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

अक्सर देखा जाता है कि शासन के निर्देश पर यातायात सुरक्षा सप्ताह तो हर वर्ष मनया जाता है जिसके चलते प्रशासन वाहन चालकों को अनेक प्रकार की हितायत देते हुए उन्हें यातायात संबंधी कानून याद दिलाने से नही चूकते है। मगर इसके बाद सब कुछ पुराने ढर्रे पर चलने लगता है। कुछ इसी प्रकार का मंजर इस समय नगर में देखने मिल रहा है। क्योंकि नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था को देखकर ऐसा अहसास हो रहा है कि अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वाले अपनी कलाबाजी का प्रदर्शन करने से बाज नही आ रहे है जिससे यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नही रह गया है..? इस प्रकार से नगर की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था के सुधारने के लिये जिस प्रकार से अधिकारियों की सुस्ती देखी जा रही है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद अब इस नगर का भगवान ही मालिक है..? जिसका परिणाम है कि इस समय जहां नगर की सड़को पर मनमानी करने वालों के हौसले बुलंद दिखाई पड़ रहे है और लोगों में कानून व्यवस्था की दहशत समाप्त होने के कारण आये दिन चोरी सहित अन्य प्रकार की अपराधिक घटनाएं भी जन्म लेने से नही चूक पा रही है। इस तरह प्रशासन में बेठे हुये अधिकारियों की उदासीनता के चलते वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू रहते हुये आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुये खुलेआम शहर के अंदर सड़को पर हुडदंग लीला मचाते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर सड़को पर अपने वाहन खड़ा करते हुये गप्पे मारना उनका शौंक बन चुका है? गौरतलब है कि शहर की आबादी बढ़नें व वाहनो की तादाद में निरंतर बढ़ोत्तरी होने के लिहाज से नगर की यातायात व्यवस्था संतोष जनक नहीं बन पा रही है तथा शहर के व्यस्ततम चौराहो पर जाम लगने के नजारे आसानी से देखे जा रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय जाने वाले मार्ग पर खुले हुई नई नबेली बैक हो या फिर नगर के अंदर संचालित होने वाले अन्य बैको सहित सड़को की स्थिति और भयानक देखने मिल रही है जहां से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। जबकि गौर किया जावे तो यह मार्ग नगर का मुख्य मार्ग माना जाता है, वही दूसरी ओर यहां से आम लोगों के साथ साथ शहर के लगभग हर व्यक्ति का निकलना होता है जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी का सामना उन छात्राओं को करना पड़ता है जब वह अपने स्कूल की ओर जा रही होती है उसी समय सड़क पर अपनी रंग विरंगी गाडियाँ खड़ी होने की स्थिति में उनका निकलना मुश्किल हो जाता है तथा यहां पर खड़े रहने वाले मनचलों की छिटाकशी का शिकार होने के लिए मजबूर होना पड़ता है? निमय के अनुसार तो बैक को अपने ग्राहकों के वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था करना चाहिए मगर बैक द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने की स्थिति में आम लोगों के साथ साथ स्कूली छात्र छात्राओं को परेशानी झेलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वही नगर की स्टैट बैक का हाल भी इसी प्रकार से है क्योंकि क्षेत्र की सबसे बड़ी बैक होने की स्थिति में प्रतिदिन इस बैक में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना जाना होता है जिसके कारण बैक में आने वाले लोगों द्वारा अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा किया जाता है। इस प्रकार से यहां पर रोज बन रही जाम की स्थिति को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद अब अधिकारियों को इस नगर की व्यवस्थाओं से कोई लेना देना नही रह गया है। इस सच्चाई के चलते नगर की संपूर्ण कानून व्यवस्था भगवान भरोसे ही जान पड़ने से नही बच पा रही है? यदि नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था गौर किया जावे तो जाम के साथ साथ रात के समय नगर की सड़को पर पूर्णरूप से वाइकर्सो का आतंक इस प्रकार से छाया हुआ रहता है कि है कि लोगों की रातों की नीद हराम हो चुकी है। स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर की सड़को पर तेज गति से वाहन दौड़ाने वालें युवाओं द्वारा झुंड के रूप में एकत्र होते हुये जहां अपनी गाड़ियो से तेज आवाज निकालने के साथ साथ खुद भी अनेक प्रकार की आवाजे लगाते हुये सड़को पर भ्रमण करना मानो मनमानी करने वालों का शौंक ही बन चुका है? इस प्रकार से शहर की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था में तत्काल सुधार करने की जरूरत है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के आमगांव चौराहा, झंडाचौक, पलोटन गंज चौराहा, रेल्वे स्टेशन रोड़ ईलाको में शाम के बाद यातायात व्यवस्था में अराजक होने से नगर के लोंगो को विशेष रूप से परेशानियों से जूझते हुये देखा जा रहा है।

# गांव गांव घूमते हुये विक्रय हो रही नकली खाद

## प्रशासन की चुपी पर खडे हो रहे सबाल..?





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।.**


जहां एक ओर आये दिन जिला से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों को यह बात कहते हुये सुना जाता है कि जिले में किसानों के लिये यूरिया व अन्य खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और लगातार रेक आ रहे है किसानों को खाद के लिये कोई परेशानी नही है। मगर खाद वितरण केन्द्रो पर एक एक बोरी यूरिया के लिये जिस तरह किसानों को जूझते हुये देखा जा रहा है इस सच्चाई को लेकर सबाल यह पैदा होने से नही चूक पा रही है कि जब पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद के रैक आ रहे है तो फिर किसानों को मिल क्यों नही पा रहा है...? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय किसानों को एक एक बोरी यूरिया प्राप्त करने के लिये दिन दिन भर लम्बी लाईनों में खड़ा होने के बाद भी जब शाम को खाद नही मिल पाती है तो हताश होकर खाली हाथ लौटने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर खाद वितरण केन्द्रो की स्थिति इस तरह देखी जा रही है मानों वहां पर मेला लग रहा है जिसके चलते पुलिस तैनात होते हुये देखने मिल रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये बुधवार को गाडरवारा से पलोहा की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक बेयर हाऊस में देखने मिली जब पर एक एक बोरी यूरिया खाद प्राप्त करने के लिये किसानों का हुजुम लगा हुआ देखा गया तो व्यवस्थाये संभालने के लिये पुलिस को मोर्चा पर खड़ा होना पड़ा। इस संबंध में यूरिया की लाईन में खड़े हुये किसानों द्वारा चर्चा के दौरान बताया कि हम यूरिया लेने के लिये सुबह से ही लाईन में लग जाते है मगर इसके बाद भी हमे यूरिया नही मिल पाता है। जबकि अनेक प्रभावशाली लोग इस तरह से होते है जिन्हे पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिल रहा है और हम किसान लाईनों में भूखे प्यासे खड़े रहते है। इस तरह हम लोगों के खेतों में बोनी का कार्य चल रहा है उसे छोड़कर दिन दिन भर यूरिया की लाईन में लगे रहने से दूना नुकशान हो रहा है। मगर एक बात समझ से भरे हो रही है कि सरकार द्वारा अपने आपको किसानों की सरकार बताते हुये यह बात कही जा रही है कि किसानों के लिये खाद की कमी नही है तो दूसरी ओर अधिकारियों को भी यह बात कहते हुये सुना जाता है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है किसान भाई किसी भी बात की चिंता न करे। तो फिर हम लोगों को खाद मिल क्यों नही पा रही है। इस तरह चल ही खाद की कमी का फायदा वह लोग उठाने से नही चूक रहे है जो नकली खाद गांव गांव घूमते हुये विक्रय कर किसानों को लूटने में लगे हुये है। इस तरह नकली खाद विक्रय होने की सच्चाई को लेकर जिस तरह प्रशासन द्वारा चुप्पी साधी जा रही है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक रही है? क्योंकि कुछ दिनों पहले समीपस्थ होशंगाबाद जिले के बनखेडी क्षेत्र में एक व्यक्ति को वहां के किसानों द्वारा नकली खाद विक्रय करते हुये पकड़ा गया था जिसकी सच्चाई गाडरवारा क्षेत्र का होने के रूप में उभर कर आने से नही चूक पाई थी। मगर उस सच्चाई को लेकर हमारे जिले के अधिकारियों द्वारा इस तरह भुला दिया गया है कि मानों कुछ हुआ ही नही है? इस तरह नकली खाद का विक्रय करते हुये अन्नदाताओं को शोषण करने वालों के खिलाफ प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा साधी जाने वाली चुप्पी उन्हें संरक्षण प्रदान करने की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक पा रही है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में कागजों के हिसाब से तो नियुक्त है स्वास्थ्य कर्मी**

# मगर चक्कर कटते रहते है ग्रामीणजन

**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।**

क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में अनेक शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापति किये गये है। मगर यदि ईमादारी से देखा जावे तो इन शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ चरमरा रही है? एक तरफ मौसमी बीमारियों का प्रकोप होने के साथ साथ इस समय अन्य नये प्रकार की दहशत संपूर्ण क्षेत्रवासियों को दहशत में डालने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कमी नर्स व मलेरिया वर्कर अपने मुख्यालय से गायब रहतें है? ऐसे में टीकाकरण सहित शासन द्वारा ग्रामीणजनों के नाम पर चलााई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का क्या हाल होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, शायद ही इसका किसी के पास कोई जबाव हो? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस समय लगातार फैल रही मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते हुये क्रम में देखने मिल रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई प्रसूताओं व शिशुओं के लिए टीकाकरण में भी देखने मिल रही है जो ग्रामीण क्षेत्रों में शायद ही कभी निर्धारित तिथि पर लगते हुये देखे जा रहे हो, इस सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि गॉवों में प्रसूताओं को नर्से बजाय शासकीय दवाएँ उपलब्ध कराने के बाजार की दवाएँ मगवाती है । जबकि गौर किया जावे तो राज्य सरकार का कहना है कि अस्पातालों के भण्डारण में सभी आवश्यक दवाएँ उपलब्ध है मगर इसके बाद भी प्रसूताओं एवं रोगियों के लिए ये दवाएँ गॉवों में पहुँच रही है कि नही इस बात का पता नही चल रहा है कि आखिर में ग्रामीणों को मिलने वाले दबाईयाँ कहा चली जाती है? इस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाओं पर जहां प्रश्न चिन्ह लगते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रो से लाभ नही मिलने की स्थिति में वह भटकते हुए देखे जा रहे है?



## इस तरह की लापरवाही देती है बड़ी घटनाओं को अंजाम

## अधिकारियों की अनदेखी का परिणाम भोगती है आम जनता

**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों से बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो अपना पूरा जोश लगाया जा रहा है, मगर वही दूसरी ओर क्षेत्र के फैली बिजली लाईनों के सुधार कार्य से लेकर उनके रख रखाब में इस प्रकार की उदासीनता बरती जाती है कि जहां तहां झूलते हुए बिजली तारों से निकलने वाली आग की चिंगारियों से किसानों के खेतों में जहां खड़ी हुई फसले जलकर खाक हो जाती है या फिर बिजली से लगने वाले करेन्ट के कारण लोगों को बेमौत काल के गाल में समाने के लिए मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर बिजली विभाग के उदासीनता के चलते मुख्य मार्गो पर झूलते हुए बिजली तारों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि कभी भी कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? बताया जाता है कि क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए अपने स्तर पर लकड़ी के खम्बा लगाते हुए व्यवसथा बनाई गई है जिसके चलते क्षेत्र की बिजली सिर्फ लकड़ी के खम्बों भरोसे चलते हुए जान पड़ रही है? इस बात की सच्चाई इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिल रही है जहां पर बताया जाता है कि किसानों के लिए बनी हुई सार्वजनिक रास्ते के ऊपर बिजली तार इस प्रकार से झूलते हुए नजर आ रहे है कि उन तारों से कभी भी कोई वाहन टकरा सकता है, इस बात की जानकारी बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारियों को होने के बाद भी किसी भी प्रकार का सुधार नही किये जाने से इस बात का अंदेशा लग रहा है कि शायद बिजली विभगा के अधिकारी क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार कर रहे है?

# शराब की गिरप्त में समा रही युवा पीढ़ी से बढ़ रहा अपराधो का ग्राफ...?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



शहर में विदेशी, देशी शराब का जिस प्रकार से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि इसकी गिरप्त में लगातार युवा पीढ़ी आने के साथ साथ अपनी जिन्दगी को बर्बाद करने से नही चूक रही है बल्कि सही मायने में देखा जावे तो शराब पीने की चपेट में आए युवाओं, किशोरों की तादाद बढ़ती चली जा रही है? यह बात अलग है कि आये दिन पुलिस प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नशा मुक्ति संबंधी शिविरों का आयोजन करते हुए नशा से दूर रहने के लिए संदेश दिया जाता है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही दिखाई दे रहा है और इसी का परिणाम है कि जहां तहां बिक रही अवैध शराब के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने से नही बच पा रही है? गौरतलब है कि शाम ढलने के बाद शराब की दुकानों पर युवाओं की भीड़ उमड़ने लगती है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव किराना दुकानों के समान शराब का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते शहर से लेकर गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही शराब के चलते युवा जो अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर इतने मस्त हो जाते है कि उन्हें अपने घरों की स्थिति का ध्यान नही रहता और रात को जब वे अपने घरों की दहलीज पर लड़खड़ाते हुए कदम रखते है तो महिलाएं बुरी तरह विचलित हो जाती है और घरों में कोहराम मच जाता है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि शराब ने शहर लेकर गांवों का माहौल बिगाड़ दिया है। युवाओं, किशोरों को शराब पीने की लत लगने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, माँ बाप की आशाओं के अनुरूप वे अपना भविष्य नही बना पा रहे है और घरों में कलह हो रही है, लोगों का कहना है कि शराब के शौकीन युवा ठीक से घरों में भोजन नही कर रहे है और अपने माँ बाप की सेवा करने की बजाय उन्हें परेशान करते हुए देखे जा रहे है। इतना ही नही यदि शराब की दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर में शराब दुकाने रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है उसके चलते जहां नगर का संपूर्ण वातावरण दूषित हो रहा है तो दूसरी ओर ग्राम क्षेत्रों में जहां तहां किराना दुकानों के समान चलने वाली इन दुकानों पर होने वाली मारपीट के चलते आसपास रहने वाले किशोरों पर भी विपरीत असर पड़ते हुए देखा जा रहा है, जिसके चलते शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में फिलहाल जो तीन शराब की दुकाने युवाओं को आकर्षित कर रही है उन्हें नगर सीमा से हटाया जाए और पुलिस बीरान जगहों पर खुलेआम हो रही शराबखोरी पर भी अंकुश लगाने की पहल करे जिससे नगर में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

## ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री प्रतिक्षालय शोपीस बनकर रह गए

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा ।** विगत कुछ वर्ष पूर्व जिस प्रकार से गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद, विधायक निधि या अन्य मदों से लाखो रूपए खर्च कर क्षेत्र के गांवों में जो यात्री प्रतिक्षालय बनवाये गए थे, उनकी दशा शोचनीय हो गयी है तथा वे सिर्फ शोपीस बनकर रह गए है। जानकार सूत्रो के अनुसार बसो की आने की प्रतीक्षा के दौरान लोग इनका उपयोग न के बराबर करतें है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए ग्रामीणजनों ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण करते वक्त जगह की उपयोगिता का ध्यान नही रखा गया है। इस कारण कोई उनका उपयोग करना पसंद नही करता है। इस संबंध में क्षेत्र की ग्रामों के जागरूक लोगों का कहना है कि अनेक गांव ऐसे भी है जिनकी सीमा से बाहर यात्री प्रतिक्षालयों का पूर्व में निर्माण हुआ है। इन प्रतिक्षालयों में दरबाजे तक नहीं है और साफ सफाई के अभव में ये बस यात्रियो के बैठने लायक नही रह गए है, चिन्ता की बात यह है कि कई यात्री प्रतिक्षालय असामाजिक तत्वो के बैठक खानो में बदल कर उन्हें शराब पीने के लिये सुरक्षित स्थानों के रूप में तब्दील करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

## जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा, नगरीय क्षेत्रों में भी होंगे कार्यक्रम

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन को सीधे प्रसारण के माध्यम से सुना गया

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।







केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने और आमजनों को योजनाओं से अवगत कराने के लिए जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंचेगी। आज शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलित व कन्या पूजन कर जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान माल्यार्पण कर धर्मगुरूओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, कलेक्टर विकास मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू व्यौहार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा परस्ते, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, राजेन्द्र पाठक, महेश धूमकेती, साध्वी नीमा बाई, अशोक अवधिया, राकेश परस्ते, राजकुमार मोंगरे व जिला स्तरीय अधिकारी- कर्मचारियों सहित बढ़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोदन को देखा और सुना गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड नाटक प्रस्तुत गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शासन की योजनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

विकास की नई गाथा लिखने के लिए देश अग्रसर रू राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प यात्रा के प्रत्येक पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में भी कार्यक्रम होंगे। जिसमें हितग्राहीमूलक योजनाओं का हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया जाएगा। साथ ही योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त कर पात्रों को लाभांवित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही हैं। चहुओर विकास अधोसंरचन का जल बिछाया गया है। मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से विकसित राज्य बना हैं। गरीब, किसान, युवा, महिलाएं सहित सभी वर्गो के कल्याण के लिए योजनाओं के सुचारू संचालन के साथ उनका विस्तार भी किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को विकसित बनाने के साथ ही विश्व में एक नई पहचान भी दिलाई हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्का आवास हो, मातृशक्ति का सम्मान, किसानों का कल्याण हो या शिक्षा का विकास हर क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ हैं। केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा हैं। विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का यह अभियान निरंतर जारी हैं और आगे भी जारी रहेगा। आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित हितलाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपलब्ध प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या श्री राम मंदिर के अक्षत कलश राधा कृष्ण मंदिर रामगढ़ पहुंची



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** पवित्र धाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामलला का भव्य मंदिर निर्माण पूर्णता की ओर हैं। आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में की जाएगी। अयोध्या से पवित्र अक्षत कलश यात्रा अमरपुर ब्लॉक के ग्राम रामगढ़ पहुंची। लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत व महिलाओं ने आरती उतार कर अक्षत कलश का पूजा अर्चना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पूरे क्षेत्र के लोग जय श्री राम के नारों के साथ पूरे ग्राम में भ्रमण किया। बताया गया कि 22 जनवरी 2024 को श्री रामलला नव निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दिन अयोध्या में भव्य आयोजन होगा। जिसका पूरा विश्व साक्षी होगा। अयोध्या में पूजित अक्षत पीले चावल, पत्रक व श्रीराम का चित्र निमंत्रण स्वरूप घर घर पहुंचाया जा रहा हैं।

### चरनोई भूमि पर अतिक्रमण चारागाह को मोहताज मवेशी



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** शासन द्वारा पशुपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिल सके। इसके लिए शासन निरंतर प्रयासरत भी हैं। परंतु मवेशियों के लिए चारागाह की ही व्यवस्था नहीं हैं। जबकि शासन द्वारा चरनोई भूमि के नाम पर प्रत्येक गांव में 2 प्रतिशत भूमि सुरक्षित रखी गई हैं। जोकि राजस्व अभिलेख में दर्ज भी हैं। परंतु किसी भी गांव में चरनोई भूमि का अता पता ही नहीं चल पा रहा हैं। मवेशियों को चारागाह तो क्या मवेशियों को पानी पीने के लिए नदी नालों तक पहुंचने के लिए जगह ही नहीं बची हैं। कारण की अतिक्रमणकारियों नदी और नालों तक अवैध कब्जा कर चुके हैं। जिससे पशुपालकों की परेशानी दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही हैं, और पशु पालन से मोहभंग भी हो रहा हैं। साथ ही शासन की मंशा पर भी पानी फिरता नजर आने लगा हैं। जो चरनोई भूमि पर ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा तो किया ही गया हैं। इसके साथ ही कुछ जगह चरनोई भूमि पर शासकीय विभाग ही कब्जा कर शासकीय भवन आदि निर्माण कर दिया गया हैं। जबकि चरनोई भूमि को संरक्षित एवं विकसित कर घांस लगाकर पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जाना उचित होता।

### नायब तहसीलदार मेंहदवानी ने गोद लिए बच्चे का जाना हाल



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** उप तहसील मेंहदवानी में पदस्थ नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश ने शनिवार को आंगनवाड़ी केन्द्र ग्राम सरसी पहुंचकर पिछले वर्ष गोद लिए कुपोषित बच्चा सुभाष यादव से मिले और उनका स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय हैं कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों का ध्यान रखने अनोखी पहल किया था जिसके तहत कुपोषित बच्चों को अधिकारी कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों के द्वारा पोषण पर ध्यान देने गोद लिया गया था।नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश ने बताया कि जब मैंने बच्चे को गोद लिया था उस समय बच्चा कुपोषित था और उसका वजन कम था। गोद लेने के बाद बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति सतत निगरानी की गई और पोषण आहार का नियमित ख्याल रखा गया परिणामस्वरूप अब बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है और अब बच्चे का वजन 4 किलोग्राम तक बढ़ गया है। नायब तहसीलदार ने धान खरीदी केंद्र मेंहदवानी एवं धान खरीदी केंद्र कठौतिया का भी निरीक्षण किया और वहां की वस्तुस्थिति देखी तथा अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पूरे भारतवर्ष में डिंडोरी पहला ऐसा जिला है जहां 'विजय दिवस' पर सैनिक परिवारों के सम्मान में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआः राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि

### जिला प्रशासन की अनूठी पहल - हेलो डिंडौरी ''जय जवान'' के तहत सैनिक परिवारों का राजस्व प्रकरण सहित अन्य समस्याओं का किया जाएगा निराकरण

### -शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ विजय दिवस का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।






जिला प्रशासन के नेतृत्व में आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण डिंडौरी में विजय दिवस के अंतर्गत हेलो डिंडौरी ''जय जवान'' कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में सैनिक एवं अर्धसैनिक बल के परिवारों को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। आज विजय दिवस के अवसर पर हेलो डिंडौरी ''जय जवान'' कार्यक्रम की मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि ने सैनिक परिवारों और कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष में डिंडोरी जिला पहला ऐसा जिला है जहां विजय दिवस पर यह अनूठा कार्यक्रम किया जा रहा है। हैलो डिंडौरी ''जय जवान'' डिंडोरी जिले का यह बहुत ही प्रशंसनीय और विशेष पहल है, जिसके तहत सैनिक परिवारों के राजस्व, स्वास्थ्य सहित अन्य सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर विकास मिश्रा सहित जिला प्रशासन डिंडौरी द्वारा सैनिक परिवारों के लिए किए गए इस प्रयास की बहुत-बहुत प्रशंसा की है।

इस दौरान कलेक्टर विकास मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सैनिक परिवारों को पांच प्रकार की सेवाओं की गारंटी दी जाती है, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय एवं राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण करने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। आज के कार्यक्रम में उक्त पांच सेवाओं के तहत 186 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि हेलो डिंडौरी ''जय जवान'' सैनिक परिवारों के लिए टोल फ्री नम्बर 7879849830 जारी किया गया है। इस नंबर पर व्हाट्सअप भी उपलब्ध है, इस नंबर पर कॉल या व्हाट्सअप पर किसी भी प्रकार की समस्याओं के लिए संपर्क कर सकते हैं।

विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सैनिक परिवारों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में सैनिक परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और समुचित उपचार कर दवाइयां वितरित की गई। उक्त शिविर में राजस्व विभाग, आयुष विभाग, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग (मेडीकल टीम), विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग भी शामिल थे।

आज विजय दिवस पर आयोजित 'हेलो डिंडोरी श्जय जवान' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि के साथ श्रीमती जानकी बाई, साध्वी नीमा बाई, श्रीमती शिल्पा जैन, दिनेश जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, कलेक्टर विकास मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा परस्ते, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू ब्यौहार, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, राजेन्द्र पाठक, महेश धूमकेती, साध्वी नीमा बाई, अशोक अवधिया, राकेश परस्ते, राजकुमार मोंगरे व जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित बढ़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सैनिक परिवारों के 211 सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित शिविर में सभी सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 6 सदस्यों को व्हील चेयर, आयुष विभाग के द्वारा 111 सदस्यों को दवा वितरण, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 123 सदस्यों का जांच कर दवा वितरण किया गया। इसी प्रकार से राजस्व विभाग के 9 आवेदन, स्थानांतरण के एक, जलजीवन योजना के एक, रोजगार हेतु एक, खेल मैदान के दो आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा चिन्हित प्रयागदत्त राव को कान की मशीन और धन सिंह गौतम को वॉकिंग लाठी दी गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्कूली विद्यार्थियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।







विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा निकाली रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट प्रांगण से आज की कलेक्टर रही छात्रा सुश्री रितिमा झारिया ने कलेक्टर विकास मिश्रा के साथ रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्ट्रेट प्रांगण से प्रारंभ होकर रानी दुर्गावती चैराहा भारत माता चैक, रानी अवंती बाई चैक होते हुए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी में रैली का समापन हुआ। कलेक्टर ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान डिंडोरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, सदस्य रेलवे उपभोक्ता उपभोक्ता सलाहकार समिति राजेंद्र पाठक, सांसद प्रतिनिधि सुधीर तिवारी, जयसिंह मरावी और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## अंधेरी रात में लग्जरी गाड़ी ने उगला 21 लाख कीमती 212 किलो गांजा



### जैतहरी पुलिस की गिरफ्त मे वाहन सहित चालक, दूसरा आरोपी फरार

**अनूपपुर।** जैतहरी थाने मे 15.12.23 को उपनिरीक्षक त्रिलोक सिंह वालरे सहित प्रधान आरक्षक अरविंद सिंह, आरक्षक विक्रम परमार थाने के शासकीय वाहन प्राईवेट चालक अशोक राठौर के कस्बा देहात भ्रमण हेतु रवाना हुआ था। भ्रमण के दौरान न्यू स्टेला मेरी स्कूल के पास लहरपुर में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पेन्ड्रा गोरेला छ.ग. तरफ से एक सफेद कलर की फार्च्यूनर गाडी क्र. सी.जी.04 जेसी. 1593 में दो लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा लोड किये है। सूचना पर पेन्ड्रा अनूपपुर मुख्य मार्ग ग्राम धनगवां बस स्टैण्ड के पास नाकाबंदी कर वाहन चेक कर रहे थे तभी 16/12/2023 को रात्रि 02 बजे पेन्ड्रा तरफ से आ रही सफेद रंग की फार्च्यूनर वाहन क्र. सी.जी.04 जे.सी. 1593 को घेराबंदी कर रोका गया तो चालक द्वारा गाडी को रोका उसी समय गाडी के बगल की सीट में बैठा एक व्यक्ति गाडी का गेट खोलकर रोड किनारे झाडियों तरफ भाग गया। दौडाने पर अंधेरा का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा फार्च्यूनर गाडी के चालक को घेरा बंदी कर पकडा गया। वाहन चालक ने अपना नाम धर्मेन्द्र राय पिता भागदेव राय उम्र 30 वर्ष निवासी रनदहा थाना राजापाकर जिला वैशाली बिहार का होना बताया एवं भागा हुआ व्यक्ति का नाम रावन सिंह गोंड निवासी शहडोल का होना बताया। आरोपी के कब्जे से 11 सफेद प्लास्टिक की बोरियों में भरे अवैध मादक पदार्थ गाँजा 212.200 किलो ग्राम कुल कीमती 21 लाख 22 हजार रुपए व फार्च्यूनर वाहन क्र. सी.जी.04 जे.सी. 1593 कीमती करीब 15 लाख रुपए को जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस जप्त मादक पदार्थ गांजा का वैधानिक कार्यवाही कर थाना जैतहरी मे अप.क्र.521/2023 धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अनूपपुर के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक पी.सी. कोल के मार्ग दर्शन पर पुलिस स्टाफ उपनिरीक्षक त्रिलोक सिंह वालरे, चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक बालेन्द्र प्रताप सिंह, महेश झा, अरविंद सिंह, सुखदेवराम भगत, रामेश्वर सिंह, विक्रम परमार का सराहनीय योगदान रहा।

## भ्रष्ट सचिव समर सिंह परस्ते को बचाने अधिकारियों ने महिला समूह अध्यक्ष को बनाया बलि का बकरा

### जिन हितग्राहियों को मिल गया शौचालय का लाभ, उन्हें दोबारा स्वीकृत करने के दोषी सचिव पर अधिकारी मेहरबान

### -लीपापोती जांच में अधिकारियों को दोबारा लाभ लेने वाले 34 हितग्राही मिले, जबकि 70-80 लोगों के नाम पर हुआ फर्जीवाड़ा

### -जांच अधिकारी योगेंद्र झारिया पीसीओ सुंदरलाल कवर, उपयंत्री राहुल तेकाम ने जांच में किया खेल

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में हुए करोड़ो रूपये के घोटाले की जाँच को लेकर जनपद पंचायत स्तरीय जाँच समिति ने लीपापोती कर महज लाखों रुपए रिकवरी निकाल कर भ्रष्ट सचिव समर सिंह परस्ते को संरक्षण देने का काम किया है। राजनीतिक रसूखदार सचिव समर सिंह के आगे नतमस्तक जांच अधिकारियों ने महिला ग्राम संगठन को बलि का बकरा बनाते हुए 2.50 लाख रुपए की रिकवरी तय किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2015-16 में आजीविका ग्राम संगठक/स्व सहायता समूह के द्वारा 109 शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसकी भौतिक सत्यापन के बाद भुगतान किया गया था, उन्ही शौचालय को ग्राम पंचायत सचिव समर सिंह परस्ते के द्वारा महिला लाभार्थियों के पतियों के नाम दोबारा शौचालय स्वीकृत कर लाखों रुपए का बंदरबांट किया गया है। मामला उजागर होने के बाद जांच समिति ने समूह द्वारा निर्मित शौचालय का निर्माण कार्य मौके पर पाया, लेकिन सचिव को बचाने के लिए जांच में यह उल्लेख किया गया कि महिला स्व सहायता समूह के द्वारा 21 घरों में शौचालय नही बनाये जाने का लेख करते हुए 2.50 लाख रुपये समूह अध्यक्ष मधुमती मसराम से वसूल किये जाने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त मामले में सचिव समर सिंह परस्ते को निलंबित किया गया था, इसके बाद निलंबन अवधि को कार्यदिवस मानते हुए इन्हें शीघ्र ही बहाल करते हुए नजदीकी ग्राम पंचायत मारगांव में पदस्थ किया गया है।

### शौचालय की जाँच में अधिकारियों ने किया खेल

शौचालय निर्माण की गड़बड़ी की जांच हेतु ब्लाक समन्यवक स्वच्छता अभियान योगेंद्र झरिया, पीसीओ सुंदरलाल कवर, उपयंत्री राहुल तेकाम द्वारा जांच किया गया, जिसमें पोर्टल में मिलान करने पर 34 हितग्राहियों के नाम दोबारा भुगतान करने का मामला सामने आया, बगैर शौचालय बनाये 02 शौचालय की राशि ग्राम पंचायत द्वारा फर्जी तरीके से गबन किया गया था, वहीं स्व सहायता समूह के 21 शौचालय को ग्राम पंचायत के पक्ष में गिनते हुए समूह के विरूद्ध 21 शौचालय नही बनाया जाना अधिरोपित किया है, इसके लिए स्वच्छता अभियान के ब्लॉक समन्यवक भी जिम्मेदार हैं लेकिन समूह के महिला को बलि का बकरा बनाया गया है, इस संबंध में आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक मीना परते ने प्रतिवेदन दिया है कि 2015- 16 में 109 शौचालय का सत्यापन कर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया गया था, ग्राम संगठन ने कोई भी राशि का दुरुपयोग नही किया है, वही आजीविका मिशन के ब्लॉक समन्यवक ने उल्लेख किया है कि दिनाँक 05.12.2022 को जनपद स्तर जांच समिति द्वारा आजीविका ग्राम संगठन द्वारा निर्मित 109 शौचालय का मिलान स्वच्छ भारत मिशन पोर्टल से किया गया, जिसमें 34 हितग्राहियों के नाम से दोबारा भुगतान पाया गया। तो किस आधार पर 21 शौचालय हितग्राहियों के घरों में नही बनाने का प्रतिवेदन बनाया गया है, किस आधार पर दो लाख 50 हजार रुपये अध्यक्ष ग्राम संगठन मधुवती मसराम पर राशि वसूली हेतु उल्लेख किया गया है ,पूर्व में ही सम्पूर्ण राशि का उपयोग कर 109 शौचालय निर्माण की रिपोर्ट जनपद एवं जिला कार्यालय में जमा किया चुका हैं।इस तरह से आर्थिक अनियमितता के जाँच में सच्चाई को ताक में रखकर स्वार्थ वश अधिकारी शाशन प्रशासन के आंख में धूल झोंकने से बाज नहीं आते हैं, इस तरह के अनेको मामला सामने हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, पुलिस जुटी जांच में

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर से 20 किमी दूर बडहर गांव में 32 वर्षीय युवक की मौत की सूचना पुलिस को लगने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतक के शव का प्रारंभिक जांच, पंचनामा करने के बाद पी,एम,कराने हेतु शव वाहन से जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेज कर जांच प्रारंभ की है। परिजनों के अनुसार मृतक की मृत्यु एक दिन पूर्व बकरियों के लिये पत्ता तोड़ने समय पेड़ से गिरना होना बताया गया है वही कुछ ग्रामीणों द्वारा युवक की मृत्यु मछली मारने दौरान करंट से होना बता रहे है फिलहाल पुलिस प्रत्येक बिंदुओं पर गहन परीक्षण करने मे जुटी है।

## खबर संक्षेप

### 125 वें वार्षिक उत्सव पर प्रतियोगितायें आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस मैथोडिस्ट चर्च के 125 वें बार्षिक उत्सव पर विविध प्रतियोगिताओं को आयोजन कराया गया । उक्त संबंध मे बताया गया कि 125 वें बार्षिक उत्सव पर समीति द्वारा क्रिकेट, शतरंज , खो-खो , कैरम , बैटमेटिन आदि का आयोजन किया जा रहा है । इसी तारतम्य मे शुक्रवार को स्थानीय मिशन ग्राऊंउ पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । उक्त आयोजन मे मैथोडिस्ट चर्च सिटी नरसिंहपुर एवं मैथोडिस्ट चर्च जबलपुर के फादर मौजूद रहे । मैथोडिस्ट चर्च जबलुपर व मैथोडिस्ट चर्च नरसिंहपुर के मध्य खेला गया ।


### पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह आज

**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** साहित्य निशा परिषद बरमान के संस्थापक/अध्यक्ष ध्यान सिंह कौरव की कृति स्पर्श (मुक्तक संग्रह) के विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को आयोजित हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वनाथ सिंह पटेल विधायक, तेंदूखेड़ा, मुख्यातिथि कैलाश सोनी राज्यसभा सांसद, करेली, जालमसिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री, नरसिंहपुर छोटेराजा कौरव सहित विभिन्न अतिथियों की उपस्थित रहेगी ।

### अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिये पुलिस की टीम रवाना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** बीते दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव में 22 वर्षीय युवती को गोली मारकर हत्या करने के मामले मे पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया । उक्त संबंध मे पुलिस ने आरोपी से अवैध हथियार के मुख्य श्रोतो के संबंध मे पूछताछ की गई जिससे आरोपी द्वारा अवैध हथियार लाने वाली जगह का पता बताया गया पुलिस की टीम को अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिये भेजा गया है। जिले में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों को रवाना कर दिया गया है जो जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होगें।

### बाल योगेश्वर महाराज की कार दुर्घटना ग्रस्त



**हरिभूमि न्यूज - राजमार्ग ।** शनिवार को थाना क्षेत्र सुआतला मे हाईव पर हुई दुर्घटना मे संत बाल योगेश्वर त्यागी जी महाराज का वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया । दुर्घटना के बाद कार के चारों पहिये ऊपर हो गये । हालांकि गनीमत रही कि किसी प्रकार से जनहानि नही हुई कार मे सवार सभी संत महंतों को सुरक्षित बाहर निकाला गया । बताया गया कि दुर्घटना ट्रक की टक्कर से हुई है । महाराज श्री मिर्गननाथ धाम से काशी खैरी श्रीमद भगवत कथा करने जा रहे थे तभी रास्ते मे यह हादसा हो गया ।

## विधायकों ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश में वर्चुअली फ्लेग ऑफ कर किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक गाडरवारा राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह मुलाम भैया व गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोडिया, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, अभिलाष मिश्रा, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, रमाकांत धाकड़, अमितेन्द्र नारोलिया व अन्य जनप्रतिनिधि, प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार और अन्य अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक मौजूद थे। अतिथियों ने स्टेडियम ग्राउंड से जिले में हरी झंडी दिखाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों को रवाना किया। यह विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में 26 जनवरी तक चलाया जायेगा। यह यात्रा जिले की 446 ग्राम पंचायतों में जायेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है।

### पात्र हिग्राहियों को दिलाया जायेगा लाभ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गाडरवारा विधायक राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीबों और नागरिकों के लिए कार्य किया है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे। इसके लिए शासकीय कर्मचारी गांव- गांव जाकर वंचित पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नल- जल योजना के तहत इस यात्रा के माध्यम से छूटे हुए परिवार के घर में नल कनेक्शन लगाये जायेंगे। इस यात्रा में सभी की अहम भूमिका है। पंच, सरपंच, विधायक, सांसद, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता सभी मिलकर इस संकल्प यात्रा को सफल बनायें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों को मुफ्त राशन देने का जो कार्य किया है, वह सराहनीय है। अभी भी गरीबों को मुफ्त में राशन प्राप्त हो रहा है। इस यात्रा का अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार हो, गांवों में मुनादी की जाये, जिससे लोगों को इस यात्रा के बारे में मालूम हो सके, जिससे वे विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

### केन्द्र व राज्य शासन की योजनाओं का मिलेगा लाभ

गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अधिकारी- कर्मचारी लोगों की आने वाली समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द किया जाये। लोगों की समस्याओं के निराकरण होने और नहीं होने का उल्लेख किया जाये। तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह मुलाम भैया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व राज्य शासन की योजनाओं का लाभ जन- जन तक पहुंचे। केन्द्र एवं राज्य सरकार का संकल्प है कि इस यात्रा के माध्यम से लोगों मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल- जल योजना के तहत नल कनेक्शन आदि योजनाओं से वंचित लोगों को इस योजनाओं का दिलायें। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि लोगों की समस्याओं का निराकरण यात्रा के दौरान उसी ग्राम पंचायत में ही होना चाहिये। इस यात्रा के माध्यम से लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाये।

### देखा गया सीधा प्रसारण

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जब यह यात्रा आपके गांव में आये, तब अपने आस-पड़ोस के घरों में जाकर बतायें, जिससे उन्हें भी इसके माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। केन्द्र और राज्य सरकार गरीबों की चिंता कर रही है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव का प्रसारण किया गया, जिसे मौजूद अतिथियों और लोगों ने देखा व सुना। कार्यक्रम में अतिथियों ने तीन स्वसहायता समूहों को 11 लाख 40 हजार रुपये का चैक प्रदान किया गया। विजय दिवस के अवसर जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सैनिकों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन को लेकर बैठक आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** ध्वनि विस्तारक यंत्रों के निर्धारित मापदंड अनुसार साउंड के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी हेतु धर्मगुरूओं एवं साउंड सिस्टम संचालकों की पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर प्रत्येक थाना स्तर पर आयोजित की जा रही बैठक। उल्लेखनीय है कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के निर्धारित मापदंड अनुसार साउंड के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों का जिले में पालन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार द्वारा जिले के सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरूओं एवं साउंड सिस्टम संचालकों की बैठक आयोजित कर शासन द्वारा जारी नियमों का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें। निदेर्शों के पालन में जिले के सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र धर्मगुरूओं एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वालों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हे शासन द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया गया एवं बताया गया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित डेसीबल एवं गाइडलाइन के अनुरूप एवं अनुविभागीय अधिकारी की अनुमति के बगैर ना करें। शादी ब्याह एवं अन्य कार्यक्रमों में जहां डीजे साइड सिस्टम का उपयोग होता है उसकी अनुमति ली जाकर ही उपयोग किया जाए। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तय समय में ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के निर्धारित मापदंड अनुसार साउंड में उपयोग की जांच हेतु संबंधित क्षेत्रान्तर्गत अधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी। शासन के दिशा निदेर्शों के पालन तथा दिशा निदेर्शानुसार ही ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग करने तथा बगैर अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई।

## मारपीट करने वाले आरोपियों को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** एक राय होकर मारपीट करने वाले आरोपियों को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती सविता वर्मा के न्यायालय द्वारा मुकेश उर्फ मालू लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मेहका, थाना ठेमी, जिला नरसिंहपुर धारा 148/149 भादंसं में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 323/149 (3 बार) में छः माह का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आहत के संबंध में 500-500 रुपए अर्थदंड, टोपीराम उर्फ कमलेश पटैल उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम मेहका थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर को धारा 148/149 भादं.सं. में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 323/149 (3 बार) में छः माह का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आहत के संबंध में 500-500 रुपए अर्थदंड, संदीप पटैल उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मेहका थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर को धारा 148/149 भादं.सं. में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 323/149 (3 बार) में छः माह का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आहत के संबंध में 500-500 रुपए अर्थदंड, इन्दर सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम मेहका थाना ठेमी, जिला नरसिंहपुर को, धारा 148/149 भादं.सं. में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 323/149 (3बार) में छः माह का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आहत के संबंध में 500-500 रुपए अर्थदंड, सुरेन्द्र लोधी उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम मेहका थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर को, धारा 148/149 भादं.सं. में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 323/149 (3 बार) में छः माह का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आहत के संबंध में 500-500 रुपए अर्थदंड, मिथलेश उर्फ भगवानदास नौरिया उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम मेहका थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर को धारा 148/149 भादं.सं. में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 323/149 (3 बार) में छः माह का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आहत के संबंध में 500-500 रुपए अर्थदंड साथ ही एक अन्य आरोपी कुमेर पटैल, उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम मेहका थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर को धारा 148/149 भादं.सं. में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 327/149 (3 बार) में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आहत के संबंध में 500-500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

## एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का हुआ आयोजन, वक्ताओं ने रखे विचार




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शनिवार को वर्तमान समय में कृष्ण काव्य की उपादेयता विद्यार्थियों एवं युवा पीढ़ी के जीवन में उसकी प्रासंगिकता एवं महत्व पर विचार-विमर्श को लेकर स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी विषय आधुनिक हिन्दी काव्य में कृष्ण का आयोजन मप्र शासन, उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संस्था प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा, तथा हिन्दी विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें वक्ताओं के रूप में पधारे डॉ. श्यामसुन्दर दुबे, पूर्व निदेशक मुक्तिबोध सृजनपीठ हरिसिंह गौर वि.वि. सागर, डॉ. श्रीराम परिहार, पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ ललित निबंधकार खण्डवा, डॉ. पवन अग्रवाल, प्राध्यापक हिन्दी विभाग, लखनऊ विवि एवं सभापति भारतीय हिन्दी परिषद एवं डॉ. सतीश चतुवेर्दी पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार गुना एवं डॉ. केएल साहू, पूर्व प्राचार्य, शास महावि तेदूखेड़ा, डॉ. ममता शर्मा प्राचार्य ने अपने विचारों में वर्तमान समय में कृष्ण की उपादेयता को लेकर विचार व्यक्त किए जिससे पूरा सभागार भावनाओं से ओतप्रोत हो कृष्णमय हो गया। शोध संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र प्रातः दस बजे से महाविद्यालय के ऑडीटोरियम में किया गया, जिसमें तीन तकनीकी सत्रों के साथ समापन सत्र रखा गया है। तकनीकी सत्रों में शोध पत्रों का वाचन विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे भगवान सिंह, योग्यता भार्गव, डॉ. जवाहरलाल शुक्ला, डॉ. सत्या सोनी, श्रीमती यमुना विश्वकर्मा, डॉ. सीमा सूर्यवंशी, डॉ. टीकमणि पटवारी आदि द्वारा किया गया। तकनीकी सत्रों के प्रतिवेदक के रूप में डॉ. रामता प्रसाद आम्रवंशी, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, डॉ. गनेश कुमार सोनी रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश चन्द्र डोंगरे, गुरू प्रसाद सक्सेना सांड नरसिंहपुरी , डॉ. माधवप्रसाद श्रीवास्तव के साथ नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संगोष्ठी संयोजक डॉ. नमिता साहू, सहा.प्रा. हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी में प्राप्त शोध पत्रों को महाविद्यालय की शोध पत्रिका नर्मदांचल में प्रकाशन किया जावेगा।

## मसूर में लगा पनसुखा रोग

**तेंदूखेड़ा-** बीते पखबाड़े हुई बारिश के चलते फसलों मे जरूरत से ज्यादा पानी हो जाने की स्थिति मे अब कुछ फसलों मे विभिन्न प्रकार के रोग देखने को मिल रहे है। जहां मसूर फसल काफी प्रभावित हुई थी। वहीं फसल पीली पड़ने के साथ अधिक पानी होने की वजह से इसमे पनसुखा रोग दिखने लगा है। साथ ही गेहूं की फसल मे पीलेपन के साथ जड़माहू देखने को मिल रही है। कृषक इन फसलों मे लगातार दवायें डाल रहे है। दिन मे लग रही धूप और रात मे पड़ रही अधिक सर्दी से इन रोगों पर काबू पाने की उम्मीद जताई तो जा रही हैलेकिन कुछ कहा नहीं जा सकता।

### ट्रालियों मे लगाया रेडियम



**तेंदूखेड़ा-** शनिवार को तेंदूखेड़ा पुलिस के द्वारा वैश्य महासम्मेलन के सहयोग से ट्रालियों मे रेडियम लगाया गया। जिससे पीछे तरफ से आने वाले वाहनों को ठीक तरीके से ट्रालियां दिख सकें। गन्ने से लदी उक्त ट्रालियां रात के अंधेरे मे ना दिखने के कारण अक्सर कर दुर्घटनायें देखने को मिला करती है। रेडियम लगाते समय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी एवं पुलिस प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## धर्मगुरूओं एवं लाउंड स्पीकर संचालकों के साथ बैठक आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - राजमार्ग ।** शनिवार को थाना पुलिस सुआतला में विभिन्न धर्मगुरूओ एवं लाउंड स्पीकर के संबंध में एवं खुले में मांस एवं अंडे का विक्राय करने वाले दुकानदारो की बैठक आयोजित की गई। जिसमे निरी हिमलेन्द्र पटैल, उनि सविता कुवरे, उनि अमित गोटिया, उनि कोमल सिंह युवने, सउनि सतरलाल सरयाम, प्र. आर. 283 राधेश्याम पटेल, आर. 344. कृष्णकांत, आर.579 लखन, आर, 683 शशांक मिश्रा एवं आर. 462 सोनू सतारे एवं अन्य गणमान्य नागरिक उप. रहे। जिन्हे म. प्र शासन की गाईड लाईन के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पालन की हिदायत दी गई। एवं धर्मगुरूओ को लाऊंड स्पीकर के संबंध में भी शासन नियम का पालन करने की हिदायत गई। मीटींग मे समस्त आदेशो को जानकारी दी गई। एवं सभी को नियम पालन करने के अपील की गई। उक्त मींटीग के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय नरसिंहपुर, एस. डी. ओ. पी तेन्दूखेडा एवं सभी संबंधित वरिष्ट अधिकारीयो को जानकारी दी गई। एवं दिशा निर्देश प्राप्त किये गये ।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज, पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा 17 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक दो सत्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें 2,526 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा आयोजन की वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त महत्वपूर्ण परीक्षा की प्रक्रियात्मक निष्पक्ष और नागरिकों में उनके प्रति विश्वास बनाये रखने के लिए जबलपुर संभाग के लिए सेवानिवृत्त आईएएस कृष्णमोहन गौतम को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संभागीय पर्यवेक्षक का परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के लिए आगमन होता है इसके लिए शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी को लायजनिंग अधिकारी बनाया गया है। जिले में सभी पांच परीक्षा केंद्रों शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज नरसिंहपुर, शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर पर परीक्षा के विधिवत संचालन हेतु परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक, केंद्र अध्यक्ष द्वारा सभी पर्यवेक्षकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के दौरान आयोग की निर्देश अनुसार बरती जाने वाली सावधानियां एवं वह सामग्री जो परीक्षा कक्षा में वर्जित है कि जानकारी एवं आयुक्त द्वारा जारी निदेर्शों के विधिवत परिपालन करते हुए परीक्षा संचालन की जानकारी दी गई । परीक्षा केंद्र पर आयोग अनुसार समुचित व्यवस्था के प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में केंद्र पर्यवेक्षक डॉ आरके राजपूत परीक्षा केंद्र अध्यक्ष प्राचार्य जीएस पटेल, सहायक केंद्र अध्यक्ष प्रशांत पटेरिया, परीक्षा केंद्र सी एम डा अशोक उदेनिया की उपस्थिति में सभी पर्यवेक्षकों का परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण संपन्न हुआ। परीक्षा केंद्र सी एम द्वारा आयोग द्वारा जारी निर्देश की जानकारी दी गई। प्राचार्य जी एस पटेल द्वारा पर्यवेक्षकों से प्रशिक्षण संबंधी प्रश्न पूछे गए। परीक्षा केंद्र की सतत निगरानी करने के लिए जिला स्तर पर उड़ानदस्ता दल भी बनाए गए हैं। जिला क्लेक्ट्रट कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसका नंबर 07092 230681 है।